53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.5°c
अधिकतम 25.7°c

**अमृतवाणी**
हर दिन को अंतिम दिन समझकर जियो, जिंदगी खुद खूबसूरत लगने लगेगी।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू ही से निष्पक्ष नहीं था : राहुल गांधी



सूर्योदय - 6:43, सूर्यास्त - 5:24 | वर्ष : 53/अंक : 315 शनिवार, 15 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये ख़याल अच्छा है......

# मोदी सचमुच बने बिहार के मतदाताओं के दिल के चोर, महा गठबन्धन का बना मोर

## ▶ बिहार में फिर से एनडीए सरकार, मोदी की आंधी में उड़े तेजस्वी - राहुल-प्रशांत
## ▶ योगी आदित्यनाथ ने किया 136 पर प्रचार सभी जीती, 6 फैक्टर कर गए काम



**जादू बरकरार**



**प्रचंड बहुमत 202**

**पटना, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** कभी-कभी विपक्ष की मुंहबोली बातें भी सच हो जाती हैं। लगातार राहुल गांधी, तेजस्वी यादव देश के प्रधानमंत्री को साफ तौर पर वोट चोर कहकर पुकार रहे थे। मगर उन्हें नहीं पता था कि सचमुच ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वास्तव में ही बिहार के मतदाताओं के दिल के चोर बन जाएंगे और विपक्ष को बस मोर की तरह नचा देंगे। आज 14 नवम्बर को जब नतीजे सामने आए तो नतीजों ने वास्तव में हैरान कर दिया और ऐसा ही लगा कि जैसे नरेन्द्र मोदी व नीतीश ने मिलकर बिहार की जनता के दिल पर राज ही कर लिया हो। प्रचंड जीत के साथ एनडीए ने 202 सीटों हासिल कर कई इतिहास एक साथ रच दिये। जहां बहुमत के लिए सिर्फ 122 सीटें चाहिएं थी, वहीं उससे अधिक 80 सीटें पाकर एनडीए ने डबल सेंचुरी मार दी। ऐसी प्रचंड जीत शायद ही किसी प्रदेश में पहले हुई हो कि विपक्ष पूरा महागठबंधन सिर्फ 36 सीटों पर ही सिमटकर रह गया हो। बिहार की तस्वीर अब साफ हो गई है। 243 में से 202 सीटों के साथ एनडीए ने रिकॉर्ड जीत हासिल की है। जबकि महागठबंधन के खाते में 36 सीटें आई हैं। इस बीच पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है कि ये सुशासन की जीत है। एनडीए को 2020 के मुकाबले 75 से ज्यादा सीटों का फायदा हुआ है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हुआ है। प्रचंड जीत के बीच सम्राट चौधरी, ललन सिंह ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू की झोली में इस बार 80+ सीटें हैं। वहीं 89 सीटों के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीत गए हैं। तेजप्रताप यादव महुआ से चुनाव हार गए हैं। उनकी पार्टी जेजेडी ने हार के बाद फेसबुक पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है-तेजस्वी फेलस्वी हो गया। आरजेडी को जयचंदों ने खोखला कर दिया। मोदी विश्व के मजबूत नेता हैं। एनडीए को उसकी एकता ने जिताया। महागठबंधन में राजद के खाते में 25, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर जीती। पीके की पार्टी जन सुराज और वीआईपी का खाता भी नहीं खुला है। एआईएमआईएम 5 और बसपा 1 सीट जीतने में कामयाब रही।

## पार्टीवार बिहार में किसको कितनी सीटें मिली

| | | | |
|---|---|---|---|
| 89 BJP | 85 JD(U) | 25 RJD | 19 LJPRV |
| 06 INC | 05 AIMIM | 05 HAMS | 09 OTHER |

### महिलाओं ने की बंपर वोटिंग

**पटना।** नीतीश की लोकप्रियता महिला मतदाताओं में बहुत व्यापक है। स्कूली लड़कियों को मुफ्त में साइकिल उपलब्ध कराने से लेकर महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलने के लिए एक सुरक्षित, कानून-व्यवस्था वाला माहौल सुनिश्चित करना और खाते में सीधे पैसे भेजने तक। इसका परिणाम यह हुआ कि सभी जाति-धर्म की महिलाओं ने उन्हें वोट दिया है। शराबबंदी के आर्थिक दुष्परिणाम हो सकते हैं, लेकिन यह उन गरीब महिलाओं के लिए वरदान साबित हुआ। उन महिलाओं के कुछ पैसे बचे और उन्हें घरेलू हिंसा का शिकार कम होना पड़ा। यह वो फैक्टर थे, जिन्होंने नीतीश को महिलाओं की नजर में उपर उठाने का काम किया।

### बिहार जीत में अमित शाह की चाणक्य नीति

**पटना।** अमित शाह के मैनेजमेंट का लोहा कौन नहीं मानता है। बिहार में भी उनका जादू चला है। अमित शाह ने चुनाव प्रचार की भागदौड़ के बीच एक अहम कदम उठाया। उन्होंने दो से तीन दिनों तक कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं किया। इस दौरान उनका पूरा ध्यान उन बागी नेताओं और उम्मीदवारों पर था, जो टिकट नहीं मिलने या अन्य कारणों से नाराज थे। शाह ने व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क किया, उनकी बातें सुनीं और उन्हें गठबंधन के बड़े हित में समझा-बुझाकर मनाया। इस 'स्ट्रेटजिक साइलेंस' ने भी एनडीए को अंदरूनी फूट से बचा लिया।

### गठबंधन को शाह ने किया मजबूत

**पटना।** बिहार की राजनीति में गठबंधनों का टिके रहना हमेशा एक चुनौती रहा है। इस बार एनडीए में बीजेपी, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी के अलावा भी और दल शामिल थे, जिनके अपने-अपने हित थे। अमित शाह ने इस जटिल समीकरण को साधने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह लगातार सभी दलों के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में रहे और किसी भी तनाव या गलतफहमी को तुरंत दूर करने में भूमिका निभाई।

### प्रवासी कार्यकर्ताओं को शाह ने साधा

**पटना।** आधुनिक चुनाव प्रबंधन में प्रवासी समुदाय और डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका अहम हो गई है। बीजेपी इस बात को भली-भांति समझती है। ऐसे में चुनाव के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे बिहार के प्रवासी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अमित शाह, लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और फोन कॉल के जरिए जुड़े रहे। उन्होंने उन्हें अपने-अपने इलाकों में परिवार और जानने वालों से संपर्क करने, चुनावी संदेश फैलाने और मतदान दिवस पर लोगों को ले जाने के लिए प्रेरित किया।

### एआईएमआईएम ने भी पहुंचाया महागठबंधन को नुकसान

**पटना।** एआईएमआईएम फैक्टर भी बिहार के सीमांचल में काम कर गया है। जिन 5 सीटों पर एआईएमआईएम जीत हासिल कर रही है, वो वही सीटें हैं, जो 2020 में आरजेडी ने जीती थी। इस बार इन सीटों पर तो जीत हासिल हुई है, साथ ही कई मुस्लिम सीटें जो कि आरजेडी को मिलती थी, उन पर एआईएमआईएम ने बढ़त बनाई है। जो भी यह नुकसान आरजेडी को हुआ है इसके पीछे भी कहीं ना कहीं एआईएमआईएम का होना एक बड़ा फैक्टर माना जा सकता है।

### योगी ने जहां किया प्रचार वहां का स्ट्राइक रेट 80 फीसदी

**पटना।** योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी के लिए जिन सीटों पर प्रचार किया उनमें गया, बेतिया, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, दानापुर, पटना, सहरसा, रघुनाथपुर, सिवान और गोपालगंज अहम थे। ये वो सीटें हैं, जो जहां पर बीजेपी ने महत्वपूर्ण बढ़त बनाकर रखी हुई है। ये कुल 136 सीटें हैं, यानी विधानसभा का एक बड़ा हिस्सा इन सीटों से आता है। इन सभी सीटों पर करीब 80 फीसदी सीटें बीजेपी के खाते में गई हैं।

### जंगलराज का नैरेटिव कामयाब

**पटना।** रैलियों में अमित शाह ने कहा कि लालू-राबड़ी राज में अपहरण, फिरौती और हत्या उद्योग था। तेजस्वी-राहुल इसे वापस लाना चाहते हैं। नीतीश ने तो ये तक कहा कि लालू-राबड़ी राज में बिहारी कहलाना अपमान की बात थी। बीजेपी ने पीएम मोदी की रैली उन इलाकों में कराई, जहां पिछली बार एनडीए का प्रदर्शन अच्छा नहीं था और इस बार उसे सुधार की उम्मीद थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने 14 रैली और एक रोड शो करके 115 सीटें कवर कीं। इनमें से 52 सीट ही पिछली बार एनडीए ने जीती थीं।

## बालिग होने के नाम पर खूब चल रहे अय्याशी के अड्डे, बस रख सको तो खुद ही रखो अपने बच्चों का ध्यान





**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बु.)।** किसी भ्रम या मुगालते में यदि आप यह सोच रहे हैं कि इतनी बार पकड़े जाने के बाद अय्याशी के अड्डे मुजफ्फरनगर से खत्म हो चुके हैं, तो माता-पिता अपने दिमाग से यह भ्रम दूर कर दें और यह भी सोचना बंद कर दें कि पुलिस आपके बच्चों का पीछा पूरा दिन करती रहेगी। नहीं ये सब कुछ आपको अपने आप ही करना होगा, क्योंकि जिस देश में बालिग होने का लाइसेंस पाने के बाद औलादें ये समझने लगें कि अब सारा कानून उनके हक में है और माता-पिता को जब चाहो, ताक पर रखो और उनकी इज्जत को रेस्टोरेंट, कैफे, होटल या मसाज सेंटर, जिम इत्यादि पर फ्री में बेचकर आ सकते हैं। जी हां यही हो रहा है पूरे देश सहित मुजफ्फरनगर में भी। कहने को तो हम छोटे से शहर में रहते हैं और बड़ी-बड़ी अपनी मान-मर्यादा की बातें करते दिखाई देते हैं, मगर इस बात का अब माता-पिता, दादा-दादी को कोई गर्व करने की आवश्यकता नहीं है कि उनके नौनिहाल कब उनकी इज्जत इन सेंटरों पर रौंद आएंगे, यह भरोसा ना करें। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा एटूजेड रोड स्थित ऐसे ही एक होटल की वीडियो बनाई गयी जहां लगातार महिलाएं, युवतियों साफ तौर पर वीडियो अथवा फोटो में देखी जा सकती हैं। सूचना पर पुलिस पहुंचती है मगर मजबूर होकर इसलिए वापस आ जाती है, क्योंकि वहां मिले सभी जोड़े बालिग होते हैं और बालिगों को कुछ भी कहना मर्यादित भारत के अंदर अब सम्भव नहीं रहा, क्योंकि कानून बालिगों के पख में खड़ा है और यही बालिग सभी की भावनाओं को रौंदते हुए अपने बिस्तर गर्म कर रहे हैं। कहने-सुनने में बेशक सब बातें कड़वी हों, मगर कहना यही है कि अय्याशी के लिए खुले यह अड्डे बंद नहीं होने वाले और शायद पुलिस भी इसमें कुछ करने में लाचार दिख रही है। ऐसे में कहना यही होगा कि अपने बच्चों का ध्यान या उनके संस्कारों का ध्यान आप खुद रखेंगे। समय-समय पर आपको तस्वीरें दिखाकर और अपनी बात कहकर आगाह किया जा रहा है।

## पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत आठ आरोपी बरी

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** भाजपा कार्यकर्ता की शोकसभा के दौरान बवाल के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत आठ आरोपियों को बरी कर दिया है। पुलिस की तरफ से कोर्ट में 12 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी थी। इसमें कोर्ट में मामले की सुनवाई के बीच एक आरोपी की मौत हो गयी, जबकि तीन के नाम गलत पाए गए थे। पूरे प्रकरण को लेकर बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह एवं बिजेन्द्र मलिक ने बताया कि मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा की 27 सितम्बर 2012 को हत्या कर दी गयी थी। इसे लेकर गांव में तनाव की स्थिति के बीच 29 सितम्बर को भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता अस्थियां चुनने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया था कि कि पूर्व विधायक



उमेश मलिक व अन्य ग्रामीणों ने उनके घरों में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की। मामले को लेकर दूसरे पक्ष के काला ने मन्सूरपुर थाने में पूर्व विधायक उमेश मलिक, हरिओम, दीपक, जयप्रकाश, ओमवीर, सतीश, टीनू, विनोद, सुशील, अनुज, सुमित निवासीगण गांव खुब्बापुर व अरविंद निवासी दिनकरपुर के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ व बलवे का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पुलिस ने कोर्ट में सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। प्रकरण की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चली। आज मामले में फैसले का दिन होने के कारण पूर्व विधायक समेत तमाम आरोपी भी कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए पूर्व विधायक उमेश मलिक, हरिओम, दीपक, अरविंद, जयप्रकाश, ओमवीर, सतीश व टीनू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सभी 8 आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। कोर्ट में मामले के विचाराधीन रहते हुए एक आरोपी विनोद निवासी खुब्बापुर की मौत हो चुकी है। वही जांच के दौरान प्रकाश में आया कि वादी द्वारा नामजद किए गए सुशील पुत्र बुद्धु, अनुज व सुमित नाम के व्यक्ति के गांव में नहीं रह रहे थे। जिसके संबंध में कोर्ट ने आख्या मांगी तो बताया गया था कि तीनों नाम के व्यक्ति गांव में नहीं रहते थे। हालांकि पुलिस ने तीनों के नाम का उल्लेख अपनी चार्जशीट में किया था। ऐसे में पूरा मामला खारिज हो गया है।

## निजामुद्दीन हॉस्पिटल के बंधन मेडिकल स्टोर पर छापा

### विभागीय टीम को बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नारकोटिक्स दवाएं मिलीं

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** औषध विभाग की टीम ने पहले सील हो चुके गोलचक्कर स्थित निजामुद्दीन हॉस्पिटल के बंधन मेडिकल स्टोर पर छापा मारा तो वहां हड़कंप मच गया। इस दौरान वहां मैडीकल स्टोर संचालक तो नहीं मिला, टीम ने वहां निरीक्षण के दौरान काफी नारकोटिक्स दवाओं का जखीरा बरामद किया। वहां मिली दवाओं के बिलों में भी काफी उलटफेर पाई गई। हालांकि विभाग की ओर से इस मामले में अभी कोई कार्रवाई नहीं की है।
बताया गया है कि सहारनपुर मंडल की स्पेशल ड्रग्स टीम को शिकायत मिली थी कि निजामुद्दीन हॉस्पिटल में स्थित मैडीकल स्टोर पर काफी अनियमितताएं चल रही हैं। इसके चलते आज विभाग की टीम ने उक्त हॉस्पिटल में चल रहे मैडीकल स्टोर पर छापा मारा तो वहां बंधन मेडिकल स्टोर के पार्टनर मोहम्मद आतिफ और मोहम्मद गुलशेर में से कोई भी मौके पर मौजूद नहीं था। निरीक्षण के दौरान टीम को प्रतिबंधित नारकोटिक्स दवाओं का बड़ा जखीरा मिला। इनमें ट्रामाडोल, क्लोनाजेपाम सहित कई प्रकार की नारकोटिक दवाएं शामिल हैं। वहां उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की गई तो उनके रिकॉर्ड में भी काफी गड़बड़ी पाई गई। प्रतिबंधित नारकोटिक्स दवाएं उपलब्ध खरीद रिकॉर्ड से काफी मात्रा







में अधिक मिलीं। औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो दवाओं के नमूने जांच लेकर जांच को भेजे गए हैं। स्टोर पर नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं को खुले आम बेचकर कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन भी पाया गया। स्टोर पर संचालक या किसी तकनीकी व्यक्ति के उपस्थित ना होने के

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

## भैंसा बुग्गी से टकराई ई-रिक्शा बुजुर्ग की मौत

**रामराज, 14 नवंबर (बु.)।** रामराज-हुसैनपुर मार्ग पर एक भैंसा बुग्गी और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान हुसैनपुर गांव निवासी रामपाल (पुत्र हिम्मत सिंह) के रूप में हुई है। बताया गया है कि रामपाल बुधवार को किसी काम से रामराज आए थे। देर शाम ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रहे थे। ई-रिक्शा जैसे ही हुसैनपुर गांव के पास पहुंची, सामने से आ रही एक भैंसा बुग्गी ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार रामपाल और एक युवक अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचित किया। दोनों घायलों को जानसठ सीएचसी में भर्ती कराया गया। रामपाल की मौत के बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल अंकुर का किया जा रहा है।

## सड़क पर विशाल अजगर पड़ा देख फटी रह गई लोगों की आंखें, वन विभाग की टीम ने हटवाकर जंगल में छुड़वाया

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** सड़क पर विशालकाय अजगर देखकर ग्रामीण सन्न रह गए। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस और वन विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद उसे वहां से हटवाकर जंगल में छोड़ दिया। इस घटना के बाद लोगों में दहशत व्याप्त रही। बताया गया है कि कुछ ग्रामीणों ने देखा कि पुरकाजी शकरपुर मार्ग पर एक विशालकाय अजगर बीच सड़क पर पड़ा है। उसे देखकर आने जाने वालों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ कर उसे जंगल में छोड़ दिया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर अजगर पड़ा होने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सचिन गुर्जर ने वन विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना पर वन दरोगा देवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अजगर को पकड़कर एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। इस इलाके में कई बार विशाल अजगरों के निकलने से स्थानीय लोगों में दहशत है और वे अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं।



## उज्ज्वल आत्महत्या प्रकरण: प्राचार्य की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** 18 अक्टूबर को बुढ़ाना के डीएवी पीजी कालेज के छात्र उज्जवल राणा के आत्महत्या प्रकरण में प्राचार्य प्रदीप कुमार द्वारा दाखिल अग्रिम जमानत की अर्जी पर आज सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई 29 नवम्बर तक स्थगित कर दी है। भाकियू अ के कार्यकर्ता आज इस जमानत का विरोध करते के लिए मौजूद रहे। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि प्राचार्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। बुढाना के डीएवी पीजी कालेज के छात्र उज्जवल राणा ने फीस के लिए प्रताड़ित करने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से जले उज्ज्वल की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। मामले को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस ने कालेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार, प्रबंधक अरविंद, पीटीआई संजीव सिंह व तीन पुलिसकर्मियों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले में पीटीआई को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। बाकी आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इस बीच मुख्य आरोपी कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार ने अदालत में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल द्वारा जिला सत्र न्यायाधीश बीरेन्द्र कुमार की कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दी गई थी। उज्जवल की बहन सलोनी राणा, चाचा सचिन राणा और अधिवक्ता अनूप राठी अदालत पहुंचे। अधिवक्ता अनूप राठी ने आरोप लगाया कि प्राचार्य ने एफआईआर में दर्ज गंभीर धाराओं को छिपाकर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया है। पीड़ित पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर पाल सैनी ने अर्जी का प्रबल विरोध करते हुए कहा कि आरोपी के विरुद्ध कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी है। पुलिस इसे तलाश कर रही है। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को अग्रिम जमानत देना सही नहीं होगा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के मामले में सुनवाई स्थगित करते हुए आगे 29 नवम्बर की तिथि नियत सुनवाई के लिए तय की है। आज भाकियू अराजनीतिक प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक समेत तमाम कार्यकर्ता भी जमानत के विरोध में कचहरी पहुंचे थे।





# धूमधाम से मनाया गया टाउन हॉल श्रीबालाजी मंदिर का 25वां स्थापना दिवस

## - महाआरती और भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** टाउन हॉल स्थित श्री बालाजी मंदिर का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष महाआरती और भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल एवं नगर पालिकाध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व चेयरमैन सुभाष चंद्र शर्मा मौजूद रहे। कल्याण समिति (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले श्रद्धालुओं एवं अतिथियों द्वारा महाआराती में हिस्सा लिया गया और भगवान श्री बालाजी महाराज को भोग अर्पण किया गया, जिसके बाद कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से भजन संध्या का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक विजय गोस्वामी ने गणेश वन्दना से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री बालाजी की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। भजन गायक अज्जू शर्मा ने मैं क्या बोलू बालाजी, पिछले साल घने सारे, अबके नम्बर मेरा सै भजनो को सुनाकर श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। मोनू जटाधारी ग्रुप द्वारा राधा कृष्ण की सुन्दर झांकी और बरसाने की फूलो की होली की प्रस्तुति से सभी का भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन स्वदेश कौशिक और रमेश केस्टो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम उपरांत मंदिर समिति पदाधिकारी अरविंद गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खैराती लाल, अवनीत कुमार, रोहताश कर्णवाल, डॉ. अनिल गुप्ता, अजय भार्गव, सुभाष गोयल, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. अशोक अरोरा, नवनीत कुच्छल, अरविन्द गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# महिला स्वास्थ्य सत्र का सफल आयोजन हुआ






**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** JITO लेडीज विंग, मुजफ्फरनगर द्वारा महिला स्वास्थ्य सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में डॉ. वंदना जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, वर्धमान हॉस्पिटल, ने महिलाओं से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में अत्यंत उपयोगी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन लेडीज विंग की टीम द्वारा किया गया चेयरपर्सन आशीमा जैन, चीफ सेक्रेटरी अनुभा जैन, ज्वाइंट सेक्रेटरी शालिनी जैन, वाइस चेयरपर्सन नीना जैन एवं दिव्या जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु लेडीज विंग की सदस्य उपस्थित रही। इस अवसर पर ऋतिका जैन, नीतू जैन, प्रीति जैन, अपूर्वा जैन, विभा जैन, मोनिका जैन, सपना जैन तथा अन्य सदस्यों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। इस ज्ञानवर्धक सत्र ने सभी प्रतिभागियों को महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम फलक (FALAK) से बदलकर पलक शर्मा (PALAK SHARMA) रख लिया है। अब भविष्य में मेरी पुत्री को पलक शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

जयदेव पुत्र बिजेन्द्र
ग्राम- रोनी हरजीपुर, मुजफ्फरनगर
मो. 8791679176

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 563, दिनांक 13/1/2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अभिनेक (ABHINEK) अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- दिनेश चन्द
374, पुरानी आबकारी, मुजफ्फरनगर,
मो. 8433134851

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बेटे का नाम आहान चंचल (AAHAN CHANCHAL) से बदलकर अहान चंचल (AHAAN CHANCHAL) रख लिया है। अब भविष्य में मेरे बेटे को अहान चंचल (AHAAN CHANCHAL) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

रोहित कुमार पुत्र सुरेन्द्र पाल
76/2, गली नं. 13, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर,
मो. 9897300575

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष-2008, अनुक्रमांक 0307757 की मार्कशीट वास्तव में खो गई है।

आशीष कुमार पुत्र श्री नाथीराम
88, अबूपुरा पूर्वी, मुज़फ़्फ़रनगर



## गोल्डन पब्लिक में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन बड़ी उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों द्वारा सुंदर कविताओं एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर बच्चे उत्साहित और रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने बाल दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि है यह दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा और अनुशासन के पद पर चलते हुए अपने जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा, सचिव सुशील कुमार, कोषाध्यक्षा ऋतु शर्मा, सहसचिव रितिका बिंदल ने बच्चों को इस दिन की शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बाल दिवस पर विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति से की सौजन्य भेंट

**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** बाल दिवस के शुभ अवसर पर न्यू होराइजन स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मिलने का अद्भुत अवसर प्राप्त हुआ। यह विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायी क्षण रहा। विद्यार्थियों ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक विशेष हस्तनिर्मित पेंटिंग तैयार की, जो भारतीय संस्कृति, एकता और बाल सृजनशीलता का सुंदर प्रतीक थी। इस पेंटिंग को छात्रों ने राष्ट्रपति को सम्मानपूर्वक भेंट किया। राष्ट्रपति ने बच्चों की कल्पनाशीलता, समर्पण और उत्कृष्ट कलात्मकता की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान कीं। राष्ट्रपति भवन के इस प्रेरणादायक अनुभव से छात्र अत्यंत उत्साहित और प्रोत्साहित हुए। यह अवसर उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और बताया कि ऐसे अनुभव बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बाल दिवस पर प्राप्त यह सम्मान विद्यार्थियों और विद्यालय—दोनों के लिए अविस्मरणीय उपलब्धि के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।



## जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** आज जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में बाल दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में मैजिक शो, गीत, नृत्य, नाटक तथा विभिन्न रोचक खेलों को सम्मिलित किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों का मनोरंजन एवं प्रतिभा-विकास था। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या, डॉ. स्वाति शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने अपनी मधुर वाणी में एक प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संबोधन में कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं तथा उनका सर्वांगीण विकास समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन किया और वातावरण को उल्लास से भर दिया। इसके पश्चात प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया तथा उन्हें अल्पाहार वितरित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ने भी समस्त विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या, अंजली आनंद, द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायी गीत के साथ हुआ। इस सफल आयोजन में विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति का पूर्ण सहयोग रहा।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल ने आईआईटी मद्रास के स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम में निभाई प्रभावशाली भागीदारी




**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** माउंट लिट्रा जी स्कूल, मुजफ्फरनगर ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए आईआईटी मद्रास द्वारा संचालित स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लॉ जैसे आधुनिक एवं करियर उन्मुख विषयों से परिचित कराया गया। विद्यालय की शिक्षिका मीनाक्षी मान एवं हिमांशु कुमार ने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने आईआईटी मद्रास के प्लेटफॉर्म पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रमाणपत्र प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में कक्षा-11 व 12 के निम्नलिखित विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की। अधिराज सिंह, द्दति सांगवान, करण शर्मा, ग्रेसी सिंह, स्निग्धा सिंह, दिव्या आहूजा, मान्या चौधरी, मानस चौधरी, नक्ष ग्रोवर, ऋधिमा मदान और अवनि गुप्ता। विद्यालय की निर्देशिका चारू भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस उत्कृष्ट सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। माउंट लिट्रा जी स्कूल सदैव अपने विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षित करने और उन्हें 21वीं सदी के कौशलों से सुसज्जित करने के लिए तत्पर रहता है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# उज्ज्वल राणा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सैकड़ों छात्रों-युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला






**बुढ़ाना, 14 नवम्बर (बु.)।** बुढ़ाना में शुक्रवार देर शाम छात्र उज्ज्वल राणा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सैकड़ों छात्रों, युवाओं और परिजनों ने कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च कस्बे के दयानंद मूर्ति से शुरू होकर रामच्छेल तिराहे तक गया और महावीर चौक पर समाप्त हुआ। बता दें कि कुछ दिनों पहले बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उज्ज्वल राणा ने कॉलेज परिसर में पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया था। आरोप है कि उसने फीस को लेकर प्राचार्य प्रदीप कुमार और प्रबंधक अरविंद गर्ग की प्रताड़ना से तंग आकर यह कदम उठाया था। उपचार के दौरान दिल्ली में उज्ज्वल राणा की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद परिजनों, किसान नेताओं और छात्रों ने कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया था। उन्होंने आरोपी प्राचार्य, प्रबंधक, पीटीआई और तीन अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अब तक एक आरोपी पीटीआई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से छात्रों और परिजनों में नाराजगी है। इसी के चलते शुक्रवार शाम को सैकड़ों लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। मार्च के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उज्ज्वल को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च के दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक और अंकुश राठी ने कहा कि जब तक उज्ज्वल को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक लड़ाई जारी रहेगी और सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। इस अवसर पर आकाश पंवार, पुनीत पंवार, मोनू कुरथल, शिवम निमेष, वसीम राणा, विनीत शर्मा, सुमित जाट, गौरव धीमान, शुभम शर्मा, अक्की त्यागी, गोलू त्यागी, सागर गुर्जर, आकाश गुर्जर, सचिन गुर्जर, कपिल ठाकुर, छात्र आकाश, पीयूष, रवित राठी, एड. सोनू जाटव सहित सभी मौजूद रहे।






# लिटिल मैनर स्कूल, नई मंडी में बाल दिवस पर मूवी पार्टी और मैजिक शो के साथ मनाया गया खुशियों भरा दिन

**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** नई मंडी स्थित लिटिल मैनर स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विशेष मूवी पार्टी और मैजिक शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को रूंगटा सिनेमा ले जाकर एक मनोरंजक एवं शैक्षणिक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ सीखने और सामूहिक आनंद के महत्व को समझाना था। इस अनूठे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यह बताना था कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सीखने और अनुभव साझा करने का भी माध्यम है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि असली मजा तब आता है, जब हम सबके साथ मिलकर किसी अनुभव का आनंद लेते हैं। बच्चों को इस अवसर पर मुफासा नामक फिल्म दिखाई गई, जिसे उन्होंने बड़े ही उत्साह और रोमांच के साथ देखा। फिल्म के माध्यम से बच्चों ने मित्रता, साहस और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को महसूस किया। साथ ही, विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को सिनेमा हॉल एटीकेट्स के बारे में भी बताया — जैसे फिल्म के दौरान शांति बनाए रखना, सीट पर व्यवस्थित बैठना, स्क्रीन की ओर ध्यान देना और सार्वजनिक स्थान पर दूसरों का सम्मान करना। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन और सामूहिक व्यवहार की भावना विकसित करना था। फिल्म के बाद बच्चों के लिए एक मैजिक शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें जादूगर ने कई दिलचस्प और मनोरंजक जादुई करतब दिखाए। बच्चों ने खुशी से तालियाँ बजाई और हर ट्रिक पर हैरानी के साथ उत्साह जताया। पूरे माहौल में हँसी, उत्साह और मासूमियत की झंकार गूंजती रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या शिम्पी कपूर ने कहा कि बाल दिवस बच्चों के जीवन में खुशियाँ और सीख दोनों लेकर आता है। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में आगे बढ़ें, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार के साथ आगे बढ़ें। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन और सामूहिक आनंद की भावना को सशक्त करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन से बच्चों को न केवल मनोरंजन मिला बल्कि उन्होंने एक नया अनुभव भी प्राप्त किया कि सीखना केवल कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि हर अनुभव में छिपा होता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्नैक्स और स्मृति उपहार दिए गए। बच्चों के चेहरों की मुस्कान और उत्साह देखकर यह स्पष्ट था कि उनके लिए यह बाल दिवस यादगार बन गया।

## बाइक टकराई, दो घायल

**जानसठ, 14 नवम्बर (बु.)।** पानीपत-खटीमा हाइवे पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार की शाम को मुजफ्फरनगर के मौहल्ला खालापार निवासी शमीम पुत्र इकबाल अपने रिश्तेदार देवबंद निवासी सलीम पुत्र मेहरबान के साथ मीरापुर में अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। पानीपत-खटीमा हाइवे पर गांव चितौड़ा के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए। अन्य वाहन सवारों ने घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के परिजनों को खबर दे दी है।

## सात दिन में वाहन नहीं छुड़ाए तो हो जाएंगे नीलाम

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** पुलिस ने कहा है कि थाना मंसूरपुर पर माल-मुकदमाती, सीज एवं लावारिस वाहन दाखिल हैं। सम्बन्धित वाहन स्वामी अवगत हों कि वे अपने वाहन को अगले 7 दिवस के भीतर न्यायालय से विधिक प्रक्रिया के माध्यम से अवमुक्त करा लें। निर्धारित अवधि में वाहन अवमुक्त न कराने की स्थिति में संबंधित वाहनों को नियमों के अनुरूप नीलामी प्रक्रिया के तहत नीलाम कर दिया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं को शिक्षा मेले में दी जानकारी

**जानसठ, 14 नवम्बर (बु.)।** एबिएंस एकेडमी में कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा मेले का आयोजन किया गया, जिसमें सुभारती यूनिवर्सिटी से आए काउंसलर्स द्वारा छात्र-छात्राओं को गाइड किया गया। विद्यालय में चल रही तीनों स्ट्रीम में सभी विषयों में मौजूद संभावनाओं के बारे में बताया गया। अजय गुप्ता, अर्चित कपिल व दीपांशी शर्मा ने बहुत अच्छे ढंग से बच्चों का मार्गदर्शन किया। अजय गुप्ता ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि 12वीं में प्राप्त किए गए अच्छे अंक आपको जीवन भर सपोर्ट करेंगे। वर्तमान में बहुत से कॉलेज परसेंटेज के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान कर रहे हैं। सुभारती यूनिवर्सिटी में भी आपको परसेंटेज के आधार पर छात्रवृत्ति मिल जाएगी। टीम के अन्य सदस्यों बॉबी खान, निकिता शर्मा ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता, गुलरेज आलम, जय, प्रीति, गौरव, सोनिया चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जमानत पर छूटे हत्या के आरोपी दे रहे जान से मारने की धमकी

**भोपा, 14 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव मोरना में बीते लगभग छह माह पूर्व हुई हत्या का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में है। रमजान के पवित्र महीने में नमाज के बाद हुई मारपीट में एक युवक फरीद उर्फ चांद की मौत के बाद से ही गांव का माहौल तनावपूर्ण बन गया था। कुछ महीने पहले जेल से छूटे कुछ आरोपियों द्वारा फैसले का दबाव बनाकर पीड़ित परिवार को सीधे तौर पर धमकाया जा रहा है और सोशल मीडिया के माध्यम से उनके खिलाफ विषैला माहौल बनाया जा रहा है। पीड़ित शमशेर ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस ने पीड़ित की तैयारी, के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम मोरना में बीते मार्च के महीने में शमशेर के पुत्र फरीद की लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। शमशेर ने बताया कि उसका पुत्र फरीद उर्फ चाँद 17 मार्च 2025 को रमजान के महीने मे नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में गया था। गांव के ही आधा दर्जन व्यक्ति हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर बैठे हुए थे, जैसे ही फरीद उर्फ चाँद नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर निकला, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गया था। परिजनों द्वारा चांद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर 19 मार्च 2025 को फरीद उर्फ चाँद की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी, जिस संबंध में पीड़ित के पिता शमशेर द्वारा छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था, जिसमें चार आरोपी जमानत पर बाहर आ गए। शमशेर का आरोप है कि यह चारों आरोपी पीड़ित पर जबरदस्ती फैसले का दबाव बना रहे हैं तथा सोशल मीडिया पर अभद्र कमेंट कर पीड़ित को डराया-धमकाया जा रहा है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है, वहीं पुलिस ने आबिद, माजिद, बाबर और शाहबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।




## एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय में बाल दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रार्थना सभा में छात्र बने शिक्षकों ने अपनी अभिनय प्रतिभा और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रेरणादायक कुरुक्षेत्र फिल्म भी दिखाई गई, जिससे उन्हें जिम्मेदारी, नेतृत्व और नैतिक मूल्यों से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश प्राप्त हुए। इसी अवसर पर विद्यालय में स्पोर्ट्स डे का भी भव्य आयोजन किया गया। विभिन्न रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं — हुल्लाहुप रेस, बॉल टैप रेस, स्कीपिंग रेस, हर्डल रेस, थ्री-लेग रेस,रिले रेस में छात्रों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी करते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने छात्रों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की प्रसन्नता, ऊर्जा और उत्साह के साथ हुआ। मंच संचालन मेघा लूथरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में सीनियर अकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अतुल अग्रवाल व श्री बालाजी सीमेन्ट एजेन्सी ने न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर में इन्सोलवेन्सी पैटीशन सं0 4 सन 2025 अतुल अग्रवाल आदि बनाम हिन्दुजा फाईनेन्स आदि स्वयं को इन्सोलवेंट निर्णीत कराने हेतु दायर कर दिया है, जिसमें वास्ते दिनांक 22/12/2025 समस्त विपक्षीगण/ क्रेडिटर्स को नोटिस जारी हो चुके हैं। लिहाजा जिस भी व्यक्ति व फर्म की किसी भी प्रकार की कोई रकम निम्न अतुल अग्रवाल आदि की तरफ वाजिब व बकाया है, या कोई दावेदार है, तो उसके लिये यह आवश्यक सूचना है कि वह निम्न व्यक्तियों को सीधे परेशान न करके, उपरोक्त वाद में चाराजोई करे। अन्यथा उनकी व्यक्तिगत कोई कार्यवाही अवैधानिक व अपराध मानी जावेगी।

**प्रार्थीगण**

1. अतुल अग्रवाल पुत्री श्री लीलाधर अग्रवाल निवासी मौहल्ला आदर्श कॉलोनी, बचन सिंह पुलिया, रामवीर सिंह प्रधान वाली गली, मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील जिला मुजफ्फरनगर।
2. मैसर्स श्री बालाजी सीमेन्ट एजेन्सी, ट्रेडिंग नेम ऑफ, अतुल अग्रवाल पुत्र श्री लीलाधर अग्रवाल निवासी मौहल्ला आदर्श कॉलोनी, बचन सिंह पुलिया, रामवीर सिंह प्रधान वाली गली, मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर, जिला- मुजफ्फरनगर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

पत्रांकः–663–668 / /2025–26 दिनांकः– 11/11/2025

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के जलकल विभाग द्वारा निम्न कार्य **क्रम संख्या–01 के द्वारा** नगर में अधिष्ठापित 70 नग नलकूपों के मोटर पम्प को स्काडा पैनल द्वारा संचालित तथा पैनलों एवं मोटर पम्पों का समस्त सामग्री सहित मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य, **क्रम संख्या–02 के द्वारा** नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के समस्त वार्डों के अन्तर्गत अधिष्ठापित 4500 नग इण्डिया मार्क–2 हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखने के लिए खराब/अक्रियाशील हैण्डपम्पों का सामग्री सहित मरम्मत/अनुरक्षण के कार्य, **क्रम संख्या–03 के द्वारा** नगरीय सीमा के विस्तारीकरण में प्राप्त ग्राम/कॉलोनियों में स्थित जलापूर्ति से सम्बन्धित हस्तगस्त नेटवर्क के नलकूप/ओवरहैड टैंकों के संचालित कार्य, **क्रम संख्या–04 के द्वारा** एफ0एस0टी0पी0 प्लान्ट संचालन कार्य, **संख्या–05 के द्वारा** विद्युत व्यवधान अवधि में नलकूपों से जलापूर्ति करने की आवश्यकता पर अलग–अलग क्षेत्रों में अधिष्ठापित 40 नग जनरेटरों को 24 X 7 अवधि में क्रियाशील रखने के लिए समस्त जनरेटरों में आयी किसी भी तकनीकी कमी को तत्काल ठीक/मरम्मत कराने के अनुरक्षण एवं पर्यवेक्षण कार्य, **क्रम संख्या–06 के द्वारा** सीमा विस्तारीकरण उपरान्त आये ग्रामों में स्थित क्षमता 05 एच0पी0 से 62 एच0पी0 तक क्रियाशील नलकूपों के सबमर्सिबल एवं वी0टी0 सैट मोटर खराब/अक्रियाशील की रिवाईडिंग/मरम्मत कार्य हेतु विभाग द्वारा बनाये गये व्ययानुमान दरों पर वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए अधिकृत कार्यकारी फर्मों से दिनांक–28/11/2025 को सायं 3:00 बजे तक ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा ऑनलाईन दिनांक–14/11/2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक–28/11/2025 की सायं 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती है। कार्य की धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी तथा निविदा मूल्य का **ड्राफ्ट (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) वाटर सप्लाई एण्ड सीवरेज डिपार्टमेन्ट नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर** के नाम जारी करते हुए अपलोड की गयी एफ0डी0आर0 को मूलप्रति के रूप में तकनीकी बिड खोले जाने की नियत दिनांक से एक दिन पूर्व कार्यालय मे उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्राप्त निविदायें दिनांक– 28/11/2025 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी तथा यह भी उल्लेखित है कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का समस्त अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर में निहित होगा। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉगईन कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (जल) — अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर — अध्यक्ष



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बिहार में एनडीए की जबरदस्त बढ़त

बिहार चुनाव परिणाम में एनडीए ने जबरदस्त बढ़त बना ली है। महागठबंधन घोर निराशा में है। कहाँ तो तेजस्वी शपथ ग्रहण करने की बातें कर रहे थे, कहाँ वे बुरी तरह पिछड़ गए। बिहार की जनता ने किसी भी शोर शराबे और अनर्गल प्रचार पर ध्यान नहीं दिया। बिहार की जनता ने सुशासन देखा, विकास देखा। वोट चोरी और एसआईआर को लेकर बहुत हंगामा किया गया, मगर ये बातें जनता द्वारा नकार दी गयीं। एनडीए का चुनाव प्रबंधन अच्छा रहा, जबकि महागठबंधन अन्त तक जीत का गणित नहीं बैठा पाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभाओं में भारी भीड़ उमड़ी, वहीं भीड़ वोटरों में भी बदल गयी। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के एटम बम को लेकर टिप्पणियां चल रही हैं। एनडीए ने अपने प्रचार में अपनी उपलब्धियों और आरजेडी के जंगलराज पर ही फोकस रखा, जबकि आरजेडी के प्रचार में जो बातें कही गयी, वे लोगों के गले नहीं उतरी, जैसे हर परिवार को सरकारी नौकरी, यह सब लोगों को नौटंकी ही लगा, लोगों ने मोदी और नीतीश पर भरोसा जताया। बिहार विधानसभा चुनावों में महागठबंधन की सहयोगी पार्टी वीआईपी के मुकेश सहनी ने हार स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और एनडीए, को मैं बधाई देता हूं। माताओं-बहनों का वोट एनडीए के पक्ष में गिरा है, जिसके कारण उनकी इतनी बड़ी जीत हो रही है। मैं जनादेश का सम्मान करते हुए हार स्वीकार करता हूं। आने वाले समय में हम और मंथन करेंगे कि विफल होने का क्या कारण है। इस चुनाव में एनडीए पूर्ण बहुमत की ओर जाती दिख रही है। मुकेश सहनी के इस बयान को अच्छा कहा जा रहा है, जबकि ऐसे भी नेता प्रवक्ता हैं, जो हार के बाद भी वैसी ही बातें कर रहे हैं, जिनके कारण उन्हें लोगों ने नकारा। एनडीए को भारी बढ़त मिलने के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार और गठबंधन के अन्य नेताओं को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि एनडीए ने राज्य का चौतरफा विकास किया है। लोगों ने हमारे ट्रैक रिकॉर्ड और राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे विजन को देखकर हमें भारी बहुमत दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि मैं मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार जी और एनडीए परिवार के हमारे सहयोगी चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी और उपेंद्र कुशवाहा जी को इस जबरदस्त जीत के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, मैं बिहार की जनता और विशेषकर हमारी माताओं-बहनों को विश्वास दिलाता हूं कि जिस आशा और विश्वास के साथ आपने एनडीए को यह जनादेश दिया है, प्रधानमन्त्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार इसे और भी अधिक समर्पण के साथ पूरा करेगी। बिहार की जनता का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खिलवाड़ करने वाले घुसपैठियों और उनके समर्थकों के विरुद्ध मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है। बिहार की जनता ने पूरे देश का मूड बता दिया है कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण अनिवार्य है और इसके विरुद्ध राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। इसीलिए, राहुल गांधी के नेतृत्व में, कांग्रेस पार्टी आज बिहार में सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है। हार को स्वीकार करना बड़ी बात है। हार पर प्रलाप करना आजकल बढ़ रहा है। यह प्रलाप जनता को अच्छा नहीं लगता, लेकिन नेता हार का चिंतन न करके इधर उधर की बातें करते हैं। अब भी ऐसा ही हो रहा है। रुझानों में महागठबंधन के पिछड़ने पर कांग्रेस नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल ने कहा कि जो रुझान दिखाई दे रहे हैं, उसमें एनडीए तीन चौथाई बहुमत की ओर जा रही है। इसके बारे में अमित शाह पहले बोल चुके थे। भूपेश बघेल ने कहा कि इस पूरे चुनाव में अगर कोई एक व्यक्ति ज़िम्मेदार है, तो वो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। निर्वाचन आयोग ने जिस तरह काम किया है, उससे ये साफ है कि बिहार चुनाव में ज्ञानेश कुमार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी। अशोक गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, जो हालात हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में बने हैं, वही हालात यहां बने हैं, जिस प्रकार से ये धन बल का प्रयोग करते हैं, लोग कल्पना नहीं कर सकते हैं, चुनाव आयोग इनका साथ दे रहा है। अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं होते हैं, तो वो वोट चोरी है। राजस्थान में चुनाव की घोषणा के बाद पेंशन मिलना बंद हो गई थी, वहां सब जारी रहा। भाजपा नेताओं ने इस बयानबाजी को कांग्रेसियों की हताशा और कुंठा कहा है। भाजपाइयों का कहना है कि ये राहुल गांधी की दिशाहीनता पर, भटकाव पर कुछ नहीं बोलेंगे, बस यही प्रलाप करते रहेंगे। इस चुनाव में लालू प्रसाद यादव चर्चा का विषय बने रहे, परिवार की टूट का असर पार्टी पर भी दिखा। नौकरी के बदले जमीन का मामला भी उन्हें ले डूबा। सबसे ज्यादा चर्चा में है, प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी, जिसने चुनाव से पहले जोर-शोर से अपनी पहचान बनाने की कोशिश की थी, बड़ी-बड़ी बातें की थी। प्रशांत किशोर ने 150 सीटों पर जीत का दावा किया था, लेकिन रुझान बताते हैं कि पार्टी न सिर्फ जीत से दूर है बल्कि ज्यादातर सीटों पर चौथे या पांचवें स्थान पर सिमटती दिख रही है। चुनावी तैयारी में पार्टी ने कोई कमी नहीं छोड़ी थी। विस्तृत जनसंपर्क अभियान, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर जोर, युवाओं को जोड़ने की कोशिश, सब कुछ प्रशांत ने खुद नेतृत्व करते हुए किया। इसके बावजूद जनता का भरोसा पार्टी की ओर नहीं झुका। चुनाव न लड़ने का उनका दांव भी उनके खिलाफ गया। कल शाम पीएम मोदी ने बीजेपी हेडक्वार्टर से अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के चुनाव ने एक बात सिद्ध की है कि देश का युवा मतदाता सूची के शुद्धिकरण को गंभीरता से लेता है। लोकतंत्र की पवित्रता के लिए हर मतदाता की अहमियत होती है। हर दल का दायित्व है कि पोलिंग बूथ पर मेहनत करे। मतदाता सूची का पूरी तरह शुद्धिकरण हो। बिहार वो धरती है, जिसने भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गर्व दिया। झूठ हारता है, जन विश्वास जीतता है। डंके की चोट पर लोगों ने संदेश दिया कि जमानत पर चल रहे लोगों का जनता साथ नहीं देगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सियासत' 'झूट' 'वतन' 'सीढ़ी'

हमें सच पता है, कहेंगे नहीं हम, सियासत हमारी टिकी झूट ही पर,
के राहों पे सच्ची चलेंगे नहीं हम,सियासत हमारी टिकी झूट ही पर।
वतन की करो तुम,करो खूब सेवा, कमी जो भी होगी बता देंगे तुमको,
के सेवा की सीढ़ी चढ़ेंगे नहीं हम,सियासत हमारी टिकी झूट ही पर।

द्वितीय पुण्यतिथि



स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल
आपकी मधुर स्मृति, आदर्श मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।
स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल जी
की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर
निःशुल्क कैम्प मेदांता हॉस्पिटल के डाक्टरों द्वारा
स्थानः सिंघल नर्सिंग होम/संतोष हॉस्पिटल मेरठ रोड, कम्पनी बाग के सामने, मुजफ्फरनगर
दिन-रविवार, 16 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक
डॉ. अंकुर नंदन वार्ष्णेय (सीनियर कंसल्टेंट, कैंसर रोग) डी.एम ऑन्कोलॉजी | डॉ. हनी चौधरी (कंसल्टेंट, हृदय रोग ) डी.एम कार्डियोलॉजी
द्वारा कैंसर रोग एवं हृदय रोग कैम्प में डॉक्टरों द्वारा कैंसर और दिल के मरीजों को देखा जायेगा। बी.पी., शुगर, ई.सी.जी., ईको और पी० एफ० टी० की जाँच की जायेगी।
बुकिंग के लिए 9808805981 नम्बर पर whatsapp या फोन करके बुकिंग करना अनिवार्य है।
श्रद्धावनत :- डॉ. विकास सिंघल- डॉ. हेमी सिंघल (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. भारती कुमार- डॉ. पंकज कुमार (पुत्री-दामाद) एवं समस्त सिंघल परिवारजन

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित हुई





**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में राजनैतिक के दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभागार में बैठक की आयोजित। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में कार्यक्रम घोषित किया किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन पूर्णनिर्धारण एवं नए मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन 29 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025 तक हो गया है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव दिनांक 6 नवंबर से 7 नवंबर तक तैयार किया जाना। आपत्तियों एवं सुझाव हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का दिनांक 10 नवंबर 2025 को प्रकाशन होगा। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 10 नवंबर 2025 तक उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिनांक 18 नवंबर 2025 तक दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु दिनांक 19, 20, 21 नवंबर 2025 तक उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा संम्भाजन संबंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ दिनांक 24 नवंबर 2025 को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा इस वर्ष मतदेय स्थलों के सम्भाजन 1200 मतदाताओं से अधिक पर किए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों से कहा निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र फार्म घर-घर फॉर्म वितरण एवं भरवाए जा रहे हैं, कल तक सभी बीएलओ द्वारा फार्म वितरण हो जाएंगे। आप सभी लोग अपने अपने बीएलओ को अभी तक नियुक्त नहीं किया गया है उनको शीघ्र नियुक्त कर दें, नियुक्त बीएलओ की सूची आज शाम तक अवश्य उपलब्ध करा दें, जिससे मतदाता सूची अच्छी तरह से तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि आप प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें, जिससे मतदाता सूची स्वच्छ एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से तैयार हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश, उप जिलाधिकारी बुढ़ाना न्यायिक/ सहायक निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कान्त, सभी उप जिलाधिकारी, सहित संबंधित अधिकारीगण भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी, सीपीआई एम पार्टी, बीएसपी पार्टी, सांसद, माननीय विधायकगणों के प्रतिनिधि सहित राजनैतिक दल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएसपी की मौजूदगी में पुलिस लाइन में दौड़े जवान

## संजय कुमार वर्मा ने परेड की सलामी लेने के साथ किया गहन निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। इस दौरान पुलिस की चुस्ती परखने और अनुशासन व एकरूपता बनाये रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवायी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाईन में परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सिद्धार्थ के मिश्रा द्वारा किया गया। एसएसपी ने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई। साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास करवाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित सभी वाहनों को संचालित कराकर उनके हूटर, लाइट, अन्य उपकरणों तथा वाहनों में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा सहायता किट आदि की स्थिति का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अधीनस्थ अधिकारियों एवं वाहन चालकगण को आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। परेड के पश्चात एसएसपी द्वारा पुलिसकर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए संचालित भोजनालय, बैरकों के अलावा मोटर परिवहन शाखा का निरीक्षण कर वाहनों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शौचालय व बारबर शॉप का निरीक्षण कर साफ-सफाई को चेक किया और पुलिस कैफे का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में अधिकारी व कर्मचारीगण का अर्दली रूम लिया गया तथा रजिस्टर व अभिलेखों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।





# धीरेंद्र शास्त्री के साथ शिल्पा शेट्टी सड़क पर बैठीं

**मथुरा, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का आज आठवां दिन है। लगातार तीसरे दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई है। बुखार, बीपी और सांस लेने में तकलीफ की वजह से उन्होंने बीच सड़क पर ही आराम किया। धीरेंद्र शास्त्री सड़क पर लेटे नजर आए। लोगों ने उन्हें गमछे से हवा किया। इससे पहले मथुरा में दूसरे दिन बाहुबली राजा भैया धीरेंद्र शास्त्री का हाथ पकड़कर चलते दिखे। दोनों ने हाथ उठाकर जयकारे भी लगाए। सड़क पर बैठकर खाना खाया। इसके अलावा महाकुंभ से चर्चा में आई हर्षा रिछारिया भी पहुंची हैं। इसी बीच धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- उनके पढ़े-लिखे डॉक्टर भी बम फोड़ते हैं। बताइए, उस डॉक्टर को क्या कमी है? पैसा भी खूब था, 8 एकड़ जमीन थी, बंगला था। फिर भी वह क्या कर रहा है? क्योंकि उनकी तालीम यानी शिक्षा नीति में लिखा है कि अगर तुम ऐसा करोगे तो 72 हूरों के पास जाओगे। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पदयात्रा में शामिल होने के लिए मथुरा पहुंची। उन्होंने इससे पहले वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए। आज 16 किमी की पदयात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। करीब 2 किलोमीटर तक सड़क पर सिर्फ भीड़ ही भीड़ नजर आई। दिल्ली ब्लास्ट के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एएसपी अनुज चौधरी खुद मोर्चे पर तैनात हैं। मथुरा में 55 किलोमीटर लंबी यात्रा चार दिन में पूरी होगी और 16 नवंबर को इसका समापन होगा। गुरुवार को दिल्ली और हरियाणा होते हुए यात्रा मथुरा बॉर्डर से यूपी में दाखिल हुई थी। प्रवेश के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, ह्ययूपी में हम ज्यादा सुरक्षित हैं। हमें डरने की जरूरत नहीं हैङ्घ पता नहीं कब गाड़ी पलट जाए।



## वैभव सूर्यवंशी ने 32 बॉल्स पर ठोका शतक, गेंदबाजों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** बिहार में जहां चुनावी समर अंतिम पड़ाव पर है वहीं इसी प्रदेश के लाल वैभव सूर्यवंशी ने दोहा में ऐसी आतिशबाजी की कि गेंदबाज कांपते रह गए। वैभव का तूफान ऐसा उठा कि फील्डर सिर्फ गेंद को बाउंड्री के पार से मैदान पर लाने का काम ही करते रहे। वैभव ने ये काम इमरजिंग एशिया कप में इंडिया-ए की तरफ से खेलते हुए यूएई-ए के खिलाफ टी20 मैच में किया है। वैभव ने अपनी तूफानी बैटिंग से आतिशी शतक जमाया है। उन्होंने ये शतक सिर्फ 32 गेंदों पर ठोका। शतक पूरा करने के लिए वैभव ने नौ छक्के और 10 चौके मारे। इसके बाद भी वह नहीं रुके और लगातार तेजी से रन बनाए। वैभव ने इस मैच में 42 गेंदों पर 144 रनों की पारी खेली जिसमें 11 चौके और 15 छक्के शामिल रहे। टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी चुनी। वैभव के साथ पारी की शुरूआत करने आए प्रियांश आर्या। प्रियांश 10 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन वैभव की तूफानी बैटिंग पर इसका असर नहीं पड़ा। उन्होंने चौके-छक्कों की बारिश करना शुरू किया और ऐसा कोहराम मचाया की गेंदबाजों को समझ नहीं आ रहा था कि उन्हें कहां गेंद फेंकी जाए। 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका मार वैभव ने अपना शतक पूरा किया। वैभव जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे उससे लग रहा था कि उनको रोकना नामुमकिन है और आज वह दोहरा शतक मारकर ही दम लेंगे। हालांकि, एक गेंद ने उनके तूफान का अंत कर दिया। मोहम्मद फराजुद्दीन की गेंद पर बड़ा शॉट मारने के प्रयास में अहमदतारीक को कैच दे बैठे। वैभव जब आउट हुए थे तब टीम इंडिया का स्कोर 195 रन था जिसमें से 144 रन वैभव के ही थे।

**144 रनों की पारी में जड़े 11 चौके और 15 छक्के**

# यातायात के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जनपद के मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषयक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पोस्टर एवं पम्पलेट वितरित किए गए। यातायात माह के तहत आज यातायात पुलिस द्वारा महावीर चौक सहित जनपद के प्रमुख चौराहों पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषयक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा आमजन को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए पोस्टर एवं पम्फलेट वितरित किए गए। जो वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए मिले, उन्हें सम्मानित किया गया ताकि समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके। साथ ही आमजन एवं अभिभावकों से यह भी अपील की गई कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में वाहन चलाने के लिए न दें, क्योंकि यह न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह भी बनता है। दूसरी ओर चेकिंग अभियान के दौरान कुल 728 वाहनों की चेकिंग कर यातायात उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 31, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन 102 चालक, बिना ड्राइविंग लाइसेंस 21 वाहन चालक, बिना बीमा 11 वाहन, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र 16 वाहन, तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 42 दोपहिया वाहन, नो पार्किंग में खड़े 21 वाहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले 13, नो ई-रिक्शा जोन में चलाते हुए पाए गए 21 ई-रिक्शा, बिना सीट बेल्ट लगाए 13 चार पहिया वाहन चालक, काली फिल्म लगाकर चलाने वाले 4, गलत दिशा से वाहन चलाने वाले 11, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के मामले 7, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वाले 16 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।






## सड़क हादसे रोकने के लिए एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** सड़क पर गन्ना व दूसरे ओवर लोड व बेतरतीब वाहनों की दौड़ के बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सर्दी के मौसम में प्रायः होने वाले कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त पुलिस वाहनों पर फॉग लाइट लगाने, समय से मेंटेनेंस कराने तथा पर्याप्त रिफ्लेक्टर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। एसएसपी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जनपद में ऐसे सभी स्थानों को चिह्नित किया जाए, जहाँ दुर्घटना की आशंका अधिक बनी रहती है, ताकि आवश्यक सुरक्षा उपाय समय से सुनिश्चित किए जा सकें। सभी पीआरवी वाहनों को निर्देशित किया गया कि वे अपने निर्धारित स्थान पर ही खड़े रहें तथा रात्रि के समय वाहन पर लगी लाल-नीली फ्लैश लाइट सदैव ऑन रखें, जिससे पुलिस वाहन दूर से ही स्पष्ट रूप से दिखाई दें और आमजन में सुरक्षा की भावना तथा पुलिस की उपस्थिति का विश्वसनीय वातावरण बना रहे। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जाए, किसी भी प्रकार की देरी न हो। एसएसपी द्वारा ऐसे सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों को सुरक्षित साइड में खड़ा कराए जाने के निर्देश दिए गए जिनसे दुर्घटना होने की आशंका रहती है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद मेडिकल कॉलेजों, संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा जांच की मांग

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** दिल्ली में हाल ही में हुए विस्फोट के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम (प्रशासन) को सौंपा। शिवसेना जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में प्रदेश के सभी निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में छात्रों, डॉक्टरों और कर्मचारियों के सुरक्षा सत्यापन की मांग की गई है। संगठन ने कहा कि दिल्ली की घटना ने देशव्यापी सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है, जिसके मद्देनजर भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील संस्थानों में विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। प्रशासन को भीड़भाड़ वाले या सुरक्षा चुनौतियों वाले स्थानों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रेलवे स्टेशन क्षेत्र के पास स्थित मस्जिद के लिए सुरक्षा एजेंसियों द्वारा नियमित निरीक्षण और सतर्कता बढ़ाने की मांग की। शिवसेना ने चेतावनी दी कि रेलवे स्टेशन जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में सुरक्षा में चूक कभी भी गंभीर घटना का कारण बन सकती है। शिवसेना के जिला महासचिव विनीत कुमार ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में धार्मिक स्थलों, मदरसों और मेडिकल संस्थानों में दस्तावेजी जांच और सत्यापन किया जाना चाहिए।



## बांग्लादेश में हिंसा भड़की, एक दिन में 32 धमाके, दर्जनों बसों को आग लगाई

**ढाका, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अदालत के फैसले से पहले देश में हिंसा बढ़ गई है। उनकी पार्टी अवामी लीग ने विरोध में पूरे देश में 'लॉकडाउन' की मांग की है। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता गुरुवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। अल-जजीरा के मुताबिक बुधवार को 32 बम फटे और दर्जनों बसों को आग लगाई गई। गुरुवार रात ढाका एयरपोर्ट के पास भी दो और बम फटे, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। राजधानी ढाका और बड़े शहरों में स्कूल ऑनलाइन कर दिए गए। पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। राजधानी में 400 पैरामिलिट्री सैनिक तैनात किए गए। सुप्रीम कोर्ट 17 नवंबर को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में फैसला सुनाएगी। हसीना पर 2024 में छात्र आंदोलन में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।

जब इधर-उधर कहकर भी न मिले
दुकान, ऑफिस और शोरूम के लिए स्टाफ
तो बुलेटिन के छोटे से ही विज्ञापन
से ही मिनटों में बन जाएगी आपकी बात
विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें-
8077929606,9368549219



## बिहार में रिकॉर्ड जीत पर भाजपा समर्थकों ने मनाया शिवचौक पर जश्न

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी की बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में आज शिव चौक पर जोरदार जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ मिठाईयां बांट कर ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। शिव चौक पर देशभक्ति और पार्टी के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। बिहार में भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों ने उम्मीद से अधिक सीटें हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया है। इसके चलते जैसे-जैसे रुान आते रहे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। शिवचौक पर पहुंचे भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन साथ केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, निशांक जैन, श्रीमोहन तायल, शलभ गुप्ता, सभासद मनोज वर्मा व जनार्दन विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में महिला नेता भी मौजूद रहीं।

## नशा मुक्ति आश्रम में चलाया नशा छोड़ने को जागरुकता अभियान

मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)। ऑपरेशन-सवेरा अभियान के अंतर्गत जीवनदाई नशा मुक्ति आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा संचालित ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत आज नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार, नारकोटिक्स सेल मुजफ्फरनगर द्वारा जीवनदाई नशा मुक्ति आश्रम, शांति नगर, भोपा रोड, थाना क्षेत्र नई मंडी पहुंचकर आश्रम में भर्ती 15 व्यक्तियों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यक्तियों को मादक पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी को नशा त्यागने एवं नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई।

# नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में पालिका अध्यक्ष ने बांटे स्कूल बैग

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में क्रिस्टल बालाजी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में बच्चियों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विद्यालय की प्रबंधक एवं नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और क्रिस्टल बालाजी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के स्वामी कार्तिक स्वरूप के साथ ही अन्य लोगों के आगमन पर विद्यालय की प्रिंसिपल सुश्री सुमित्रा सिंह और लिपिक गोपाल त्यागी ने समस्त स्टाफ के साथ मिलकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैग वितरण के दौरान बच्चियों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक रही थी। यह पहल सिर्फ उन्हें शैक्षणिक सामग्री देने तक सीमित नहीं रही, बल्कि शिक्षा के प्रति प्रेरणा जगाने का एक सुंदर प्रयास साबित हुई। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर बच्चा हमारे समाज का भविष्य है। बच्चियों को शिक्षित और सशक्त बनाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की अलख जगाकर समाज में बेटियों के प्रति सोच को बदलने का काम किया है। आज भाजपा की केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकारों में बेटियों, महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए अनेक कार्यक्रम और हेल्पलाइन चल रही हैं। मिशन शक्ति के सहारे उनको अपने कानूनी और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बेटियों की सुरक्षा के लिए कानून का राज स्थापित किया है। उन्होंने क्रिस्टल बालाजी इंडस्ट्रीज के कार्तिक स्वरूप का आभार जताते हुए कहा कि आज उनके द्वारा दिया गया यह छोटा-सा योगदान इन बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने में सहायक साबित होगा। निजी संस्थाओं का इस प्रकार आगे आना समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि वो भी इन बच्चियों की तरक्की के लिए उनके शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग प्रदान करेंगी। बाल दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक दायित्व का उदाहरण बना, बल्कि बच्चियों के प्रति संवेदनशीलता और शिक्षा-सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में भी याद रखा जाएगा। विद्यालय प्रशासन, इंडस्ट्रीज और अतिथियों के संयुक्त प्रयास ने इस दिन को बच्चियों के लिए विशेष और यादगार बना दिया। सभी बच्चियों ने अतिथियों का आभार जताया।



## एसएसके पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** एसएसके पब्लिक स्कूल में एसएसके पब्लिक स्कूल व एसएसके कान्वेंट स्कूल गांधी कॉलोनी का संयुक्त रूप से बाल दिवस पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ स्कूल के चेयरमैन रामप्रसाद शर्मा द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। श्री शर्मा द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बच्चों को उनके द्वारा दिखाये रास्ते पर चलने के लिये प्रेरित किया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर खो-खो, बैडमिंटन, कबड्डी, छोटे बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा-11 के छात्र सार्थक, मिस्बा, कक्षा-10 के देव, ओम, कक्षा-9 के चिराग, आराध्या, कक्षा-8 के मानवी, केशव तथा कक्षा-7 के रेयान, अरहान आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा के प्रान्तीय अध्यक्ष व स्कूल के चेयरमैन रामप्रसाद शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व अध्यापक-अध्यापिकाओं को इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बधाई दी और छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए व अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## नेशनल मेडिकल कमीशन ने गिरफ्तार चार संदिग्ध डॉक्टरों का रद्द किया रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली बम धमाका केस की जांच तेज है। मामले में हर दिन नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं, आरोपियों पर सख्त एक्शन लिया जा रहा है। अल फलाह यूनिवर्सिटी भी सवालों के घेरे में है। लगातार जांच-पड़ताल की जा रही है। अब मामले में



गिरफ्तार चार संदिग्ध डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन नेशनल मेडिकल कमीशन ने रद्द कर दिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और स्टेट मेडिकल काउंसिल से मिली जानकारी के बाद, नेशनल मेडिकल कमीशन ने चारों गिरफ्तार संदिग्ध डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। बता दें कि आतंकी गतिविधियों में लिंक के चलते इन डॉक्टर्स को गिरफ्तार किया गया है। इन डॉक्टरों के नाम डॉ. मुजफ़्फ़र अहमद, डॉ. आदिल अहमद राथर, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शहन सईद हैं। इनका मेडिकल रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। इनके नाम भारतीय चिकित्सा रजिस्ट्री और राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्ट्री से भी हटा दिए गए हैं। इस फैसले की सूचना सभी राज्य चिकित्सा परिषदों को जल्द भेज दी जाएगी। डॉक्टर मुजम्मिल को जम्मू कश्मीर पुलिस और फरीदाबाद पुलिस के ज्वॉइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया था। मुजम्मिल फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में पीसीसी डॉक्टर है। वह पिछले साढ़े 3 साल से यहां रह रहा था। उसकी निशानदेही पर ही फरीदाबाद पुलिस ने स्विफ्ट कार बरामद की थी। जिसके अंदर से एसॉल्ट राइफल की तीन मैगजीन मिली थीं।

## बिहार चुनाव पर अखिलेश बोले- भाजपा दल नहीं, छल है, केशव ने कहा- बिहार जैसी फिक्र यहां भी दिखेगी

**लखनऊ, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहा है। चुनावी नतीजे अब साफ होने लगे हैं। 243 सीटों के रुझान में एनडीए क्लीन स्वीप करती दिख रही है। इस बीच यूपी में भाजपा और उसके सहयोगी दल



फूले नहीं समा रहे। एनडीए गठबंधन इस विजय को विकास की जीत बता रहा है। वहीं, अखिलेश ने विपक्ष की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया। सपा मुखिया ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर खेल किया गया है। यूपी में हम ऐसा नहीं होने देंगे। इधर, काशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न भी शुरू कर दिया है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता 'बिहार में बहार...' वाले पोस्टर के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। ढोल-नगाड़ों पर कार्यकर्ता नाचते-झूमते दिखाई दिए। सीएम योगी ने कहा कि बिहार में भाजपा-एनडीए गठबंधन की जीत डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- बिहार वाली फिक्र यूपी में भी दिखेगी।

## थरूर बोले- कांग्रेस पहले से ज्यादा वामपंथी रुख अपना रही, भाजपा से मुकाबले के लिए ये रवैया

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी पिछले कुछ सालों में पहले से ज्यादा वामपंथी रुख अपनाने लगी है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव बीजेपी की 'विभाजनकारी राजनीति' का जवाब देने के लिए एक तरह की रणनीतिक कदम माना जा सकता है। थरूर हैदराबाद में ज्योति कोमिरेड्डी मेमोरियल लेक्चर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के दौर में कांग्रेस का रुख मध्यमार्गी था। तब कई नीतियां पिछली



बीजेपी सरकार से भी ली गई थीं। दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट पर थरूर ने कहा कि आतंकी वारदात बर्दाश्त नहीं की जा सकती और सरकार को दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर कई बार पार्टी की आधिकारिक लाइन से अलग बयान देकर चर्चा में रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ऊर्जा और वैश्विक दृष्टि' की तारीफ की थी। हाल ही में वे विदेश नीति से जुड़ी पहल ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न में भारत के राजनयिक प्रतिनिधि की भूमिका में भी नजर आए। उनके हाल के बयानों में केंद्र सरकार की विदेश नीति और कुछ विपक्षी राज्यों की नीतियों की तारीफ शामिल रही है, जिससे पार्टी नेतृत्व कई बार असहज हुआ है। 8 नवंबर को लाल कृष्ण आडवाणी का 98वां जन्मदिन था। थरूर ने एक्स पर आडवाणी के साथ वाली अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थी।

## धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत बिगड़ी, डॉक्टर बोले-फेफड़ों में धूल भरी

**मथुरा, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का आज आठवां दिन है। लगातार तीसरे दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई है। बुखार, बीपी और सांस लेने में तकलीफ की वजह से उन्होंने बीच सड़क पर ही आराम किया। धीरेंद्र शास्त्री सड़क पर लेटे नजर आए। लोगों ने उन्हें गमछे से हवा की, इससे पहले मथुरा में दूसरे दिन बाहुबली राजा भैया धीरेंद्र शास्त्री का हाथ पकड़कर चलते



दिखे। दोनों ने हाथ उठाकर जयकारे भी लगाए। सड़क पर बैठकर खाना खाया। इसके अलावा महाकुंभ से चर्चा में आई हर्षा रिछारिया भी पहुंची हैं। इसी बीच धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- उनके पढ़े-लिखे डॉक्टर भी बम फोड़ते हैं। बताइए, उस डॉक्टर को क्या कमी है? पैसा भी खूब था, 8 एकड़ जमीन थी, बंगला था। फिर भी वह क्या कर रहा है? क्योंकि उनकी तालीम यानी शिक्षा नीति में लिखा है कि अगर तुम ऐसा करोगे तो 72 हूरों के पास जाओगे। आज 16 किमी की पदयात्रा चलेगी। इसमें हजारों लोग शामिल हैं। करीब 2 किलोमीटर तक सड़क पर सिर्फ भीड़ ही भीड़ नजर आई। दिल्ली ब्लास्ट के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एएसपी अनुज चौधरी खुद मोर्चे पर तैनात हैं। मथुरा में 55 किलोमीटर लंबी यात्रा चार दिन में पूरी होगी और 16 नवंबर को इसका समापन होगा।

**शेष समाचार : निजामुद्दीन हॉस्पिटल..**

कारण मेडिकल स्टोर की खरीद-फरोख्त को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। याद रहे कि कुछ दिन पहले भी स्वास्थ्य विभाग ने निजामुद्दीन हॉस्पिटल की ओटी में अनियमितताएं पाए जाने पर उसे सील किया था। इसके बावजूद वहां स्थितियां जस की तस हैं। अब देखना है कि इस मामले में विभाग क्या कार्रवाई करता है।

# गंगा में कूदने दो बच्चों को साथ लेकर पहुंची महिला

**▶ दूसरी ने प्रेम संबंधों में विफल रहने पर किया कूदने का प्रयास ▶ बिजनौर बैराज पर पुलिस ने चारों को बचाकर समझा-बुझाकर परिजनों को सौंपा**

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** जिंदगी में छोटे-छोटे मसले कई बार ऐसा रूप ले रहे हैं कि घर बर्बाद हो रहे हैं। आज ऐसे ही दो मामलों में पुलिस ने दो महिलाओं को गंगा में कूदने की कोशिश करते बचा लिया। इनमें एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ घरेलू कलह के चलते आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी, जबकि दूसरी असफल प्रेम के कारण आत्महत्या के इरादे से पहुंची थी।



बिजनौर बैराज पर आज चार जिंदगियां लोगों और पुलिस की सतर्कता से बच गईं। इनमें एक मामले में तारापुर थाना हस्तिनापुर निवासी आरती पत्नी अमित को उस समय बचा लिया गया, जब वह अपने दो मासूम बच्चों के साथ गंगा में कूदकर जान देने की कोशिश कर रही थी। बताया गया है कि किसी घरेलू कलह के चलते उक्त महिला अपने दो बच्चों चार वर्षीय बेटे अक्षय और 10 माह की बेटी आराध्या के साथ गंगा बैराज पहुंच गई। इस दौरान उसने गंग नहर की साइड में कूदने का प्रयास किया। इस बीच बैराज पर मौजूद कुछ लोगों ने शोर मचाया और उसे रोकने का प्रयास करते हुए पास में पुलिस पिकेट पर मौजूद एसआई शिवदत्त को सूचना दी, तो पुलिस की टीम तत्काल पहुंची और समय रहते आरती को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों बच्चों और उसे गंगा में कूदने से रोक लिया। आरती का कहना था कि घर में आर्थिक तंगी के चलते परिवार में रोज क्लेश होता था। इसके चलते उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने महिला और दोनों बच्चों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा तथा परिजनों को सूचना देकर बुलाकर उसे समझा-बुझाकर परिजनों को सौंप दिया। दूसरे मामले में प्रेम संबंधों में दरार के चलते मेरठ निवासी सीमा पुत्री मोइनुद्दीन, इस्लामाबाद पोस्ट लिसाड़ी गेट ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसे भी बचा लिया गया। बताया गया है कि विगम चार साल से जावेद पुत्र अफजाल, निवासी सिकंदरपुर थाना मीरापुर के साथ उसके प्रेम संबंध चल रहे थे। दोनों घंटों फोन पर बात करते थे। इस बीच कुछ बातों को लेकर रिश्तों में दरार आ गई और उनकी बातचीत भी बंद हो गई। इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया। बताया गया है कि शुक्रवार सुबह करीब 9:00 बजे सीमा गंगा बैराज पहुंची और पुल से गंगा में कूदने का प्रयास किया। तभी लोगों ने शोर मचाया तो वहां गश्त कर रहे एसआई



शिवदत्त और उनकी टीम ने सीमा को रेलिंग पर चढ़ते देख उसे खींच लिया और उसे पकड़कर नीचे उतार लिया। इसके बाद पुलिस ने सीमा को उसके कृत्य को लेकर समझाया और अपनी कीमती जिंदगी से खिलवाड़ ना करने को कहा। पुलिस ने उससे नंबर लेकर उसके परिजनों को फोन पर सूचना दी। इसके बाद परिजन पहुंचे, तो उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। सीमा ने समाने ब्बुाने के बाद कहा कि वह प्रेम संबंध में दरार के चलते वह काफी परेशान होकर यह करने जा रही थी, लेकिन अब वह ऐसा नहीं करेगी। वह अपनी जिंदगी की कीमत समझ गई है।

# कार-बाइक के बीच जोरदार भिड़न्त, बाइक सवार की हालत गम्भीर

**चरथावल, 14 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र में चरथावल-मुजफ्फरनगर मार्ग पर एक कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। यह हादसा शाम करीब 5 बजे निर्धना मोड़ के पास हुआ, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो





गया घायल बाइक सवार की पहचान चरथावल निवासी 20 वर्षीय विकास पुत्र प्रमोद के रूप में हुई है। वह पेपर मिल से काम कर वापस लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घायल विकास को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया और दधेड़ू चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। घायल की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# किरायेदारी पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में भारी छूट मिलेगी

**लखनऊ, 14 नवंबर (एजेंसी)।** यूपी सरकार ने राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट को मंजूरी दे दी है। बैठक के बाद वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसका उद्देश्य यह है कि भवन स्वामी और किरायेदार दोनों किरायानामा लिखित रूप में तैयार करें और रजिस्ट्री कराएं, जिससे विवाद कम हों और किरायेदारी विनियमन अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। वर्तमान नियमों के अनुसार एक वर्ष से अधिक अवधि की किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री अनिवार्य है, लेकिन आमतौर पर अधिकांश किरायानामे मौखिक होते हैं या यदि लिखित होते भी हैं तो उनकी रजिस्ट्री नहीं कराई जाती। ऐसे मामलों का पता आमतौर पर जीएसटी विभाग और बिजली विभाग जैसी एजेंसियों की पत्रावलियों की जांच में चलता है और बाद में कमी स्टाम्प शुल्क की वसूली की कार्रवाई करनी पड़ती है। यह भी अनिवार्य है कि किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री हो या न हो, उस पर सही स्टाम्प शुल्क हर हाल में जमा होना चाहिए। सरकार का मानना है कि यदि शुल्क अधिक होता है तो लोग विलेख लिखने और रजिस्ट्री कराने से बचते हैं। इसी वजह से मानक किरायेदारी विलेख को बढ़ावा देने और 10 वर्ष तक की अवधि के रेंट एग्रीमेंट को औपचारिक



बनाने के लिए शुल्क में व्यापक छूट देने की जरूरत महसूस की गई। इस छूट प्रणाली के तहत किरायेदारी विलेख पर अधिकतम स्टाम्प शुल्क और अधिकतम रजिस्ट्रेशन फीस अब निश्चित राशि से अधिक नहीं ली जाएगी। साथ ही औसत वार्षिक किराया तय करते समय अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये रखी गई है। टोल संबंधी पट्टे और खनन पट्टों को छूट से बाहर रखा गया है ताकि राजस्व हानि न हो।

स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क की सीमा तय कर दी गई है। यह सीमा किरायेदारी की अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर लागू होगी। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा क्योंकि अब किरायेदारी विलेख पर भारी स्टाम्प शुल्क भरने की बाध्यता नहीं रहेगी और लोग अधिक सहजता से रजिस्ट्री करा सकेंगे।

**निर्धारित अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस**

- औसत वार्षिक किराया 2,00,000 रुपये तक
- 01 वर्ष तक 500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 1500 रुपये, 5 से 10 वर्ष 2000 रुपये
- औसत वार्षिक किराया 2,00,001 से 6,00,000 रुपये
- 01 वर्ष तक 1500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 4500 रुपये, 5 से 10 वर्ष 7500 रुपये
- औसत वार्षिक किराया 6,00,001 से 10,00,000 रुपये
- 01 वर्ष तक 2500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 6000 रुपये, 5 से 10 वर्ष 10000 रुपये

## मुख्यमंत्री योगी से मिलीं विश्व विजेता दीप्ति शर्मा, सीएम ने दी जीत की बधाई

**लखनऊ, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप में मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी गई। बैठक में टीम के जज्बे, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा गया कि खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान भारतीय टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने सीएम योगी से मुलाकात की। सीएम कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से लखनऊ में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य दीप्ति शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की।" भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस में डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) के पद पर तैनात हैं। कैबिनेट बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह जीत न केवल भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि देश की युवा बेटियों के लिए प्रेरणा का भी स्रोत है। महिला



वनडे विश्व कप 2025 में अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन के चलते दीप्ति शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। दीप्ति 9 मुकाबलों में 22 विकेट के साथ सबसे अधिक विकेट हासिल करने वाली गेंदबाज रहीं। इसके अलावा, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन और साउथ अफ्रीका के विरुद्ध फाइनल मैच में 58 रन की पारी भी खेली थी। दीप्ति शर्मा ने 2 नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में 58 रन बनाने के बाद 39 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे। भारत ने यह मुकाबला 52 रन से अपने नाम किया था।

# दिल्ली ब्लास्ट : सुरक्षाबलों ने कश्मीर में आतंकी डॉ. उमर नबी का घर उड़ाया

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली ब्लास्ट केस में गुरूवार रात सुरक्षाबलों ने पुलवामा में आतंकी डॉ. उमर नबी के घर को आईईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया है। गुरूवार को ही डीएनए मैचिंग के बाद इस बात की पुष्टि हुई है कि कार में उमर ही था। उमर पुलवामा के कोइल इलाके में रहता था। पुलिस उसके माता-पिता और भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर, सुरक्षाबलों ने पिछले 3 दिन में कश्मीर में 500 लोकेशन पर छापा मारा है। पूछताछ के लिए 600 लोग हिरासत में लिए गए हैं। खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि अब तक गिरफ्तार 8 आतंकियों ने बताया कि वे 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत देशभर में कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। 10 नवंबर को हुए दिल्ली ब्लास्ट में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। कश्मीर के जिस मौलाना मोहम्मद इरफान की वजह से आतंकियों के वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का खुलासा हुआ, वो तीसरी कक्षा तक ही पढ़ा था, लेकिन वो डॉक्टरों को आतंक का पाठ पढ़ा चुका था। इरफान शोपियां का रहने वाला है। नौगाम में मदरसे में पढ़ाने जाता था। 17 अक्टूबर को उसने ही आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का धमकी भरा पोस्टर लिखा। फिर उसे प्रिंटिंग कराने ले गया। पोस्टर में सेना के खिलाफ धमकी भरी बातें लिखी थीं। जवानों ने पोस्टर देखा और आसपास पता लगाया तो मौलवी का सुराग मिला।

**500 लोकेशन पर छापा, 600 से ज्यादा हिरासत में लिया**

## श्रावस्ती में दिल दहला देने वाली घटना, पूरे परिवार की संदिग्ध मौत

**श्रावस्ती, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र से एक ऐसी दर्दनाक घटना सामने आई है जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। यहां के कैलाशपुर मनिहारपुरवा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव कमरे के अंदर बिस्तर पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़े मिले। मृतकों में माता-पिता तथा उनके तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। घटना सामने आते ही पूरे गांव में चीख-पुकार और दहशत फैल गई। पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गए हैं। परिजनों के मुताबिक, यह परिवार 5 दिन पहले ही मुंबई से लौटा था, और उसके बाद से वे गांव में ही रह रहे थे। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को शोक और सदमे में डाल दिया है। सभी रात को अपने कमरे में सोए थे। सुबह काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला, न ही कोई आवाज आई, तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाना शुरू किया। कई बार पुकारने पर भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कई मिनट तक प्रयास के बाद परिजनों को अंदेशा हुआ कि कुछ गंभीर हुआ है। इसके बाद उन्होंने बगल में लगी खिड़की से अंदर झांककर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पांचों लोग अपने-अपने बिस्तरों पर पड़े हुए थे और कोई हरकत नहीं थी।

## सूना पड़ा चांदनी चौक का बाजार, नहीं आ रहे टूरिस्ट

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** सोमवार रात लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद चांदनी चौक के आसपास के क्षेत्र में वैसा उत्साह वाला माहौल नहीं दिखाई देता जो सामान्यतः यहां रहता है और विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। कई टूरिस्ट गाइड का कहना है कि उनके पास आने वाले पर्यटकों की संख्या आधी रह गई है। अधिकतर पर्यटक लाल किले की विरासत के बारे में जानने के बजाय इस घातक विस्फोट के बारे में जानने को ज्यादा उत्सुक दिखते हैं। खानपान के खोमचे लगाने वाले और सजावटी सामान बेचने वाले कुछ विक्रेता अपना सामान नष्ट हो जाने के बाद आजीविका के अन्य साधन अपना रहे हैं। शुक्रवार दोपहर, विदेशी पर्यटकों का एक छोटा समूह अवरोधकों के पास खड़ा था और तब 25 वर्षीय गाइड इकबाल को उनसे घटना के बारे में बात करते सुना गया। उसने 'न्यूज एजेंसी' से कहा, 'मैं हर दिन कम से कम 10 परिवारों या पर्यटकों को घुमाने ले जाता था। अब दिल्ली आने वाले लोग लाल किला नहीं आ रहे हैं। और जो आते भी हैं, वे विस्फोट के बारे में जानना चाहते हैं। मैं उन्हें बैरिकेड तक ले जाता हूं और बताता हूं कि क्या हुआ था। पिछले दो दिनों से, हर कोई मुझसे यही पूछ रहा है। लगभग 10 वर्षों से इस क्षेत्र में गाइड के रूप में काम कर रहे सोहेल ने कहा, 'चांदनी चौक दिल्ली के पर्यटन का केंद्र है। एक तरफ ऐतिहासिक बाजार है और दूसरी तरफ लाल किला है।'

## अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण

**अयोध्या, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक बार फिर कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इस बार श्रीराम की नगरी में ध्वजारोहण कार्यक्रम होने जा रहा है। इसी के साथ एक स्वर्णिम अध्याय राम मंदिर और इस नगरी से जुड़ जाएगा। ये कार्यक्रम 25 नवंबर को होगा। इस दिन राम मंदिर के मुख्य शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ध्वजारोहण करेंगे। राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के कारण 24 नवंबर को शाम से ही श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन बंद कर दिए जाएंगे।

## महिला के बैंक खाते से निकाले 85 हजार वापस खाते में पहुंचे

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** धोखाधड़ी कर महिला के बैंक खाते से निकाले गये 85,000 रुपये साइबर हेल्पडेस्क थाना छपार द्वारा वापस करा दिए गए। एक महिला द्वारा 31 अक्टूबर को थाना छपार साइबर हेल्पडेस्क पर शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके साथ ऑनलाईन धोखाधड़ी कर उनके खाते से 85,000 रुपये की धनराशि निकाल ली गयी है। थाना छपार साइबर हेल्प डेस्क द्वारा मामले में कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक को फ्रॉड से अवगत कराया गया तथा बैंक खातों को फ्रीज कराया गया। आज रिपोर्टकर्ता महिला के खाते से धोखाधड़ी कर निकाली गयी धनराशि 85,000 रुपये उसके बैंक खाते में वापस करा दिए गए।

## कानपुर और हापुड़ से दो डॉक्टर हिरासत में, दिल्ली स्पेशल सेल की पूछताछ में नए खुलासे के संकेत

**कानपुर, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े नेटवर्क की जांच को गति देते हुए श्रीनगर और दिल्ली में अपनी विशेष टीम भेज दी है। जानकारी के अनुसार, टीम श्रीनगर में डॉ. शाहीन, डॉ. परवेज, और सहारनपुर से गिरफ्तार डॉ. आदिल के नेटवर्क की गहन जांच करेगी। इनसे जुड़े लोगों और उनके मददगारों के बारे में भी सुराग जुटाए जा रहे हैं। एटीएस सूत्रों के अनुसार, यह जांच श्रीनगर पुलिस की पूछताछ रिपोर्ट पर आधारित



होगी। वहां की पुलिस ने यूपी पुलिस से उन मॉड्यूल्स की जानकारी मांगी है, जो प्रदेश में जैश के नेटवर्क को सक्रिय बनाए रखने का काम कर रहे हैं। बीते चार साल से यूपी में एनआईए ने जैश ए मोहम्मद से जुड़े मॉड्यूल की जानकारी तलब की है। नए, पुराने सभी मॉड्यूल, स्लीपर सेल के आपस में कनेक्शन तलाशने में एजेंसियां जुटी हैं। एटीएस उन लोगों पर नजर रख रही है जो जैश के स्लीपिंग मॉड्यूल्स, फाइनेंसरों और जेल में बंद आतंकियों से किसी भी तरह से संपर्क में रहे हैं। एटीएस यह भी जांच रही है कि गिरफ्तार डॉक्टरों का नेटवर्क किस हद तक राज्य के भीतर फैला हुआ था। पुलिस को संदेह है कि ये सभी डॉक्टर एक अंडरग्राउंड नेटवर्क के जरिए आतंकियों की आर्थिक और लॉजिस्टिक मदद कर रहे थे। अब एटीएस का मकसद इन कड़ियों को एक साथ जोड़कर नेटवर्क का पूरा नक्शा तैयार करना है। इस बीच, कानपुर के डॉ. आरिफ मीर और हापुड़ के डॉ. फारुख अहमद डार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दोनों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते 24 घंटों के भीतर हिरासत में लिया था। इससे पूछताछ के लिए सहारनपुर स्थित देवबंद यूनिट की एटीएस टीम को दिल्ली भेजा गया है। टीम यह जानने की कोशिश करेगी कि क्या इन डॉक्टरों का सम्बन्ध पहले से गिरफ्तार आरोपियों से है और क्या उन्होंने जैश के नेटवर्क को किसी तरह की मदद पहुंचाई।

### क्रूज पर धमाका..कमांडो गंगा में कूदा, काशी में एनएसजी ने गंगा में आतंकियों को मारने का रिहर्सल किया

**काशी, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** काशी में गंगा में खड़े क्रूज पर शुक्रवार को तेज धमाका हुआ। विस्फोट होते ही चारों ओर धुआं फैल गया और विजिबिलिटी कम हो गई। एनएसजी ने मोर्चा संभाल लिया। कमांडोज ने नदी में छलांग लगा दी और क्रूज को चारों ओर से घेर लिया। यह नजारा रविदास घाट पर मॉकड्रिल के दौरान दिखाई दिया। मॉकड्रिल में एनएसजी के जवानों ने घायलों को बचाने और आतंकियों को मारने की प्रैक्टिस की। हेलिकॉप्टर से क्रूज पर उतरे और आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद मॉकड्रिल के जवान वापस लौटे। इससे पहले 3 अक्टूबर में संकट मोचन और विश्वनाथ धाम समेत कई स्थानों पर मॉकड्रिल की गई थी। तब रविदास घाट की मॉकड्रिल बारिश के कारण स्थगित हुई थी, जिसे आज किया।

# दिल्ली ब्लास्ट-हरियाणा के नूंह से खरीदा गया था अमोनियम नाइट्रेट, इसी से विस्फोटक बनाया गया

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट का कनेक्शन अब हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के पिनगवां क्षेत्र से जुड़ गया है। विस्फोट से जुड़े केस की जांच कर रही दिल्ली की जांच एजेंसी ने खाद विक्रेता दिनेश सिंगला उर्फ डब्बू को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आरोप है कि डब्बू ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मुजम्मिल शकील को बिना रिकॉर्ड अमोनियम नाइट्रेट उपलब्ध करवाया, जबकि उसके पास अमोनियम नाइट्रेट रखने का लाइसेंस नहीं था। बताया गया कि यही अमोनियम नाइट्रेट विस्फोट तैयार करने में इस्तेमाल हुआ। वहीं गुरुवार रात



सुरक्षा बलों ने पुलवामा में आतंकी डॉ. उमर नबी के घर को आईईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया है। गुरूवार को ही डीएनए मैचिंग के बाद इस बात की पुष्टि हुई है कि कार में उमर ही था। उमर पुलवामा के कोइल इलाके में रहता था। पुलिस उसके माता-पिता और भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है अब तक गिरफ्तार 8 आतंकियों ने बताया कि वे 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत देशभर में कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। 10 नवंबर को हुए दिल्ली ब्लास्ट में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## ट्रैफिक पुलिस पर हमला करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 14 नवंबर (बु.)।** चंद्रा सिनेमा के पास रांग साइड से कार घुसेड़ने से रोकने पर यातायात पुलिसकर्मी पर हाथ छोड़ने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानून का पाठ सिखाया। गत 2 नवंबर की शाम थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत आयोजित एक जुलूस के दौरान नावल्टी चौक पर यातायात पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान कुछ व्यक्तियों ने रांग साइड से वाहन निकालने का प्रयास किया तो यातायात पुलिसकर्मी द्वारा उक्त व्यक्तियों को रोका। इस पर उनके द्वारा पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता एवं मारपीट की गई। घटना के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीमों द्वारा 3 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर यातायात पुलिसकर्मी पर हाथ छोड़ने वाले मुख्य अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आतंकी अदील सहारनपुर में डॉक्टरों को हनीट्रैप में फंसाता था, कश्मीरी लड़कियों को बनाया हथियार

**डॉ. शाहीन की आईएमए सदस्यता रद्द**

**सहारनपुर, 14 नवम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली ब्लास्ट के बाद यूपी में एजेंसियां एक्शन मोड में हैं। जम्मू-कश्मीर, दिल्ली पुलिस के साथ एटीएस ने लखनऊ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कानपुर और हापुड़ में ताबड़तोड़ छापेमारी की। दिल्ली ब्लास्ट मामले में यूपी से अब तक 5 डॉक्टरों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें सहारनपुर के डॉ. आदिल की सबसे पहले गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद लखनऊ की रहने वाली डॉ. शाहीन सईद को फरीदाबाद और उसके भाई परवेज अंसारी को एटीएस ने लखनऊ से पकड़ा था। कानपुर मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद आरिफ को भी एटीएस ने अरेस्ट किया था। इसके बाद हापुड़ के प्राइवेट जीएस मेडिकल कॉलेज



के डॉक्टर फारूख (34) को भी उठाया गया। इन गिरफ्तारियों के बीच आईएमए ने डॉक्टर शाहीन की आजीवन सदस्यता तत्काल प्रभाव रद्द कर दी है। उधर, डॉ. अदील को लेकर बड़ा खुलासा हुआ। बताया जा रहा है कि डॉ. अदील, कश्मीरी लड़कियों की मदद से सहारनपुर के डॉक्टर्स को हनी ट्रैप में फंसाता था। उसके ठिकानों से बरामद किए गए 14 मोबाइल फोन से सुरक्षा एजेंसियों को कई नंबर और अश्लील तस्वीरें बरामद हुई हैं। वह 2023 से नवंबर 2024 तक लापता रहा। इस दौरान वह अपने घर पर नहीं था। न ही नौकरी पर अस्पताल गया था। ऐसे में सवाल उठता है कि करीब एक साल तक अदील कहां लापता था? उसने किन-किन लोगों से बात की? क्या बात की? इन सवालों के जवाब एसटीएफ तलाश रही है।

## चरथावल में बुजुर्ग किसान से की मारपीट : बुग्गी निकालने को लेकर विवाद

**चरथावल, 14 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी गांव में रास्ते से बुग्गी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग किसान के साथ मारपीट की गई। पीड़ित किसान ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, चरथावल क्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी निवासी मुस्तकीम पुत्र फरजंद अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ व्यक्तियों ने खेत में पहुंचकर उनके साथ मारपीट की, जिससे बुजुर्ग किसान घायल हो गए। घटना के बाद घायल बुजुर्ग किसान ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने उनका मेडिकल कराया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि कुल्हेड़ी निवासी मुस्तकीम ने कई व्यक्तियों पर खेत में मारपीट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुष्टि की कि यह विवाद रास्ते से बुग्गी निकालने को लेकर हुआ था। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## 930 करोड़ रुपये की ट्रांजेक्शन के साथ प्रथम स्थान पर रहने वाले जिला सहकारी बैंक मुजफ्फरनगर को मिला पुरस्कार

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 14 नवम्बर (बुस.)।** चौधरी चरण सिंह ऑडिटोरियम सहकारिता भवन विधानसभा मार्ग लखनऊ में मनाये जा रहे 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह में आज कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं माननीय सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर द्वारा प्रदेश में जिला सहकारी बैंकों में यूपीआई के माध्यम से सर्वाधिक 930 करोड़ रुपए के ट्रांजैक्शन के साथ प्रथम स्थान पर रहने पर जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मुजफ्फरनगर को पुरस्कार दिया गया। कृषि मंत्री श्री शाही द्वारा जिला सहकारी बैंक मुजफ्फरनगर के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई और बधाई दी गई। इस पुरस्कार को बैंक के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह एवं बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश कुमार द्वारा प्राप्त किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू एवं आयुक्त एवं



निबंधक सहकारिता अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित थे। सभापति रामनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि यह उपलब्धि प्रबंध समिति के कुशल नेतृत्व एवं उन सभी अधिकारी गणों एवं कर्मचारियों को देता हूं, जो समर्पण भाव से जिला सहकारी बैंक मुजफ्फरनगर के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करते हैं। सभी कर्मचारियों की वजह से ही आज बैंक हर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत बनाए हुए हैं।